

SHRI BIPIN GANATRA

Shri Bipin Ganatra is a socially active person and a friend in need as and when any natural disasters and calamities happen such as fire, collapse of buildings and similar unforeseen circumstances. Shri Ganatra extends helping hands and cooperate voluntarily with the different Departments of the Government like Fire & Emergency Services, Kolkata Police, Kolkata Municipal Corporation and Calcutta Telephones. This has benefitted the Departments of the Government as well as the Society as a whole in saving the lives of common man and property to the maximum extent possible.

2. Born on December 15, 1956, Shri Ganatra belongs to a respectable family in Gujarat but was born and brought up in Kolkata in the State of West Bengal. Shri Ganatra completed his schooling upto VI standard and was forced to leave study due to acute pecuniary problem. He worked in a factory which was ultimately closed 16 years back.

3. Shri Ganatra is at present working as an Electrician and residing in a small room at 27, Debendra Mullick Street, Kolkata-700073. Inspite of pecuniary and personal problems, Shri Ganatra has also served for the people of Kolkata as a volunteer during the big festivals of Bengal. He is an active member and social worker attached with Youth Association, organizers of Md. Ali Park Sarbojonin Durgotsav Commitee, Kolkata (one of the largest Durga Pujas of West Bengal) and Shree Jabreshwar Mahadev Mandir Samiti, Zakaria Street, Kolkata.

4. Shri Ganatra jointly worked with the authorities during crucial times when fire broke out at the Chatterjee International Building, at Stephen Court, at Strand Road Warehouse, at Satyanarayan Park, at Chittaranjan Telephone Exchange, at Nandaram Market, at Surjya Sen Market and some of the hospitals in the city of Kolkata. He also played a crucial role saving the victims of the collapsed flyover at Rabindra Sarani.

5. Shri Ganatra is a proud recipient of numerous certificates and honors from the Commissioner of Police, Kolkata; Deputy Commissioner of Police, Central Division, Kolkata; Officer-in-Charge, Lalbazar Fire Station, Kolkata; Chief General Manager, Calcutta Telephones, Kolkata Municipal Corporation and other organizations like Rotary Club of Calcutta, Godfrey Phillips and Maqsad (A social cultural & educational society).

6. Shri Ganatra has also been awarded the prestigious Kolkata Police Bravery and Honesty Award, 2005; Gold Medal from the Honb'le Minister of Fire, Govt. of W.B.; Kolkata Police Commissioner's Award; Dial 100 Good Samaritan Award & various other awards and accolades from Kolkata Police and Fire & Emergency Services Department. In addition, the Zee Bangla Dadagiri Achievement Award, 24 Ghanta Ananya Samman, awards and accolades from Red FM 93.5, Bajaj Motor Cycles, Manav Jyot (A Public Charitable Trust) to name a few. The Hon'ble Chief Minister of West Bengal has praised the heroic feats of Shri Ganatra on numerous occasions including a certificate of appreciation for saving the lives of two persons from the debris of fire at Surya Sen Market, Kolkata. Shri Ganatra has also been felicitated and appreciated for his bravery, industrious, social and voluntary activities in various regional as well as national dailies and news media like The Statesman, Anandabazar Patrika, Zee Akash News, The Indian Express, The Bengal Post,-Times City, The Times of India, Aajkal, Bartaman and Sanmarg.



श्री बिपीन गनत्रा

श्री बिपीन गनत्रा सामाजिक रूप से अत्यंत सक्रिय व्यक्ति हैं एवं आगजनी की घटना, मकान ढ़हने एवं इसी प्रकार के अन्य अदृश्य परिस्थितियों एवं प्राकृतिक आपदा के क्षणों में सहायता करने वाले एक मित्र हैं। आप सरकार के विभिन्न विभागों, जैसे अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, कोलकाता पुलिस, कोलकाता नगरपालिका निगम एवं कलकत्ता टेलिफोन्स को स्वैच्छिक सहायता एवं सहयोग करते हैं। आपके इस परोपकारी कार्य से सामान्य जनता के जान माल की अधिकतम रक्षा हो पाती है तथा समाज एवं सरकारी विभागों को सहायता मिलती है।

2. आपका जन्म 15 दिसम्बर, 1956 को हुआ था। आप गुजरात के एक प्रतिष्ठित परिवार से आते हैं परंतु पश्चिम बंगाल राज्य के कोलकाता में ही आपका जन्म एवं लालन-पालन हुआ। आपने कक्षा 6 तक पढ़ाई करने के बाद ही, अत्यंत कठिन आर्थिक समस्या के कारण अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। आपने एक फैक्ट्री में काम करना शुरू किया जो 16 वर्ष पहले बंद हो गयी थी।

3. आप एक इलेक्ट्रिशियन के रूप में कार्यरत हैं तथा 27, देवेन्द्र मलिक स्ट्रीट, कोलकाता-700073 स्थित एक छोटे से कमरे में रहते हैं। आर्थिक एवं निजी समस्याओं के बावजूद, आपने बंगाल महोत्सव के दौरान, एक स्वयंसेवक के रूप में कोलकाता के लोगों की सेवा की। आप यूथ एसोसिएशन, जो मोहम्मद अली पार्क सर्वजननी दुर्गा महोत्सव समिति, कोलकाता (पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े दुर्गापूजा आयोजन) एवं श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर समिति, जकारिया स्ट्रीट, कोलकाता के आयोजकों से सम्बद्ध एक सक्रिय सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

4. आपने चटर्जी इंटरनेशनल बिल्डिंग, स्टीफन कोर्ट, स्ट्रैंड रोड वेयर हाउस, सत्यनारायण पार्क, चितरंजन टेलीफोन स्टैंड, नन्दराम मार्केट, सूर्यसेन मार्केट एवं कोलकाता के कुछ अस्पतालों में आग लगने के कठिन समय के दौरान प्राधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया। आपने रवीन्द्र शरणी फ्लाईओवर के ढह जाने के बाद पीड़ितों को बचाने में अत्यन्त अहम भूमिका निभायी।

5. आपको पुलिस आयुक्त, कोलकाता; पुलिस उपायुक्त, सेन्ट्रल डिवीजन, कोलकाता; प्रभारी अधिकारी, लालबाजार, फायर स्टेशन, कोलकाता; मुख्य महाप्रबंधक, कलकत्ता टेलीफोन्स, कोलकाता म्यूनिसिपल कारपोरेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ कलकत्ता, गौडफ्रे फिलीप्स एंड मक्सद (एक सामाजिक सांस्कृतिक एवं शैक्षिक संस्था) जैसे अन्य संगठनों से अनेक प्रमाण-पत्र एवं सम्मान प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ है।

6. आपको प्रतिष्ठित कोलकाता पुलिस बहादुरी एवं ईमानदारी पुरस्कार, 2005; माननीय मंत्री, अग्निशमन विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार से स्वर्ण पदक; कोलकाता पुलिस कमिश्नर का पुरस्कार; डायल 100 गुड समारिटन पुरस्कार एवं विभिन्न अन्य पुरस्कारों तथा कोलकाता पुलिस एवं अग्निशमन व आपातकालीन सेवा विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त, जी. बांग्ला दादागिरि अचीवमेंट पुरस्कार, चौबीस घंटा अनन्य सम्मान, रेड एफ एम 93.5 से पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र, बजाज मोटर साइकिल, मानव ज्योति (एक सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट) से सम्मानित किया जा चुका है। सूरीसेन मार्केट, कोलकाता में आग लगने के बाद मलवे से दो लोगों को जीवित बचा लेने के लिए प्रमाण-पत्र एवं प्रशंसा पत्र सहित माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल ने कई अवसरों पर आपके साहसिक कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। आपको अपने साहस, बहादुरी, अध्यवसाय, सामाजिक एवं स्वैच्छिक गतिविधियों के लिए, द स्टेट्समैन, आनन्द बाजार पत्रिका, जी आकाश न्यूज, द इंडियन एक्सप्रेस, द बंगाल पोस्ट, टाइम सिटी, द टाइम्स ऑफ इंडिया, आजकल, वर्तमान एवं सन्मार्ग जैसे अनेक क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्रों एवं समाचार मीडिया द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।